भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली—110002

वेबसाइटः **www.bsgindia.org** इमेल आईडीः **info@bsgindia.org** दूरभाषः**+91-11-23370126, 23378667**

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

परिपत्र संख्या : 12/2021

दिनॉक : 05 फरवरी, 2021

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

विषय :— सीमावर्ती गॉवों में साहसिक यात्राएं, भ्रमण एवं शिविरों को आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित करना है कि माननीय प्रधानमंत्रीजी ने अपनी इच्छा व्यक्त की है कि युवा संगठनों को नियमित रुप से साइकिल/मोटर साइकिल रैलियों आदि के रुप में सीमावर्ती गॉवों की साहसिक यात्राएं एवं भ्रमण करना चाहिए एवं शिविरों को शहरों में आयोजित करने की अपेक्षा इस प्रकार के सीमा भ्रमण के दौरान आयोजित किया जाना चाहिए। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनॉक—29—10—2020 की प्रतिलिपि आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न हैं।

सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित राज्य संघों से अनुरोध है कि वे गतिविधियों को बढ़ावा दें एवं गृह मंत्रालय के पत्र दिनॉक—29—10—2020 के अनुसार अपना व्यवहार्य प्रस्ताव सम्बन्धित राज्य सरकार/जिला प्रशासन को प्रस्तुत करें तथा माननीय प्रधानमंत्रीजी के दिशानिर्देशों के कियान्वयन में सहयोग हेतु प्रशासन से सम्पर्क करें।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे इस सम्बन्ध में एक कार्यवाही रिर्पोट (एटीआर) शीघ्र राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित करें जिससे कि माननीय प्रधानमंत्रीजी के निर्णय को लागू करने हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में मंत्रालय को अवगत कराया जा सके।

आयोजित की गई गतिविधियों की रिर्पोट इस दिए गए लिंक https://forms.gle/7jsLV332zNfDF85t9 के माध्यम से भेजी जा सकती है।

सधन्यवाद।

भवदीय,

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :—

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली—**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी—**15**, सेक्टर—**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश—**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।